प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

22.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

मुकेश अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ऊना जिले के आलू उत्पादकों की फसलों की सुरक्षित और चिंतामुक्त बिक्री सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त व्यवस्था बनाई जाएगी जिससे किसानों के हितों की रक्षा होगी और उन्हें किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाया जा सकेगा। यह बात उन्होंने कल ऊना के पंडोगा में जन समस्याओं की सुनवाई के दौरान कही। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हिम उन्नति योजना लागू की है, जिसके लिए 150 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस योजना के तहत 50 हजार किसानों को शामिल करने के लिए 2 हजार 6 सौ कृषि समूहों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं और मक्की को क्रमशः 40 रुपये और 30 रुपये प्रति किलोग्राम के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा, जो देश भर में सबसे अधिक है। इससे युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

निर्देश

इलैक्ट्रॉनिकी एवं सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भारत में संचालित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निर्देश दिया है कि वे आरजी कर मेडिकल कॉलेज घटना में मृतका की पहचान से संबंधित उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करें। उच्चतम न्यायालय ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया को निर्देश दिया कि वे मृतका के नाम के सभी संदर्भ और तस्वीरों के साथ वीडियो क्लिप तुरंत हटायें। उच्च्तम न्यांयालय के इस आदेश पर मंत्रालय ने सभी सोशल मीडिया कंपनियों से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि ऐसी संवेदनशील सूचनाएं प्रसारित न हों। उन्होंने कहा कि निर्देश न मानने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री दोपहर 2 बजे एम एल ए क्रॉसिंग के पास हुए भूस्खलन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वह 16 मील स्थित राजकीय महाविद्यालय धामी का भी निरीक्षण करेंगे।

भाजपा सदस्यता

भाजपा का सदस्यता अभियान आज से मंडी के सुंदरनगर से शुरू हो रहा है। इस बार भाजपा का लक्ष्य 8 लाख से अधिक सदस्य बनाने का है। भाजपा सितंबर तक प्राथमिक सदस्यों को बनाएगी व अक्तूबर में सक्रिय सदस्यों को जोड़ा जाएगा। नवंबर से भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है जिसमें पहले मंडल और बूथ स्तर के अध्यक्षों का चयन होगा। जिला अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के बाद राज्य की टीम बनेगी जिसमें नए अध्यक्ष का चयन होगा।

संगीत सभा

आकाशवाणी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में इस महीने देश भर के विभिन्न स्थानों पर संगीत सभाओं को आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आकाशवाणी शिमला द्वारा आज शाम 3 बजे से शिमला के गेयटी थियेटर में लोक संगीत सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोकगायक पंडित कृष्ण लाल सहगल और डॉक्टर राम स्वरूप शांडिल सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

धरना प्रदर्शन

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के निर्णय के बाद कांग्रेस पार्टी आज देश भर में ई डी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेगी। ये प्रदर्शन सेबी के अध्यक्ष को उनके पद से हटाने व इसकी जांच जे पी सी से करवाने की मांग को लेकर किया जा रहा है। इधर राजधानी शिमला में भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी सुबह साढ़े 11 बजे छोटा शिमला स्थित ईडी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेगी।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से----

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने कर्मचारियों के धरने से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं मंत्रियों, विधायकों और अफसरों पर फिजूलखर्ची का आरोप, सचिवालय कर्मचारियों ने बोला हल्ला। दैनिक जागरण का शीर्षक है हमारे लिए पैसों की कमी, स्वयं कर रहे करोड़ों रूपए की फिजूलखर्ची। दैनिक भास्कर ने लिखा है हमारे नाम पर लिया लोन, डीए और एरियर तक नहीं दिया, यही व्यवस्था परिवर्तन है तो हमें नहीं चाहिए। हिमाचल दस्तक का कहना है कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ खोला मार्चा। आपका फैसला ने लिखा है सचिवालय के बाहर कर्मचारियों का हल्ला बोल, जमकर की नारेबाजी।

सरकारी खजाने को लुटने नहीं दूंगा–सोलन में बोले सीएम सुक्खू–साधन संपन्न लोगों को बिजली–पानी पर नहीं मिलेगी सब्सिडी दिव्य हिमाचल की एक खबर है।

पंजाब केसरी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सोलन के मेयर का चुनाव रद्द, उषा शर्मा बनी रहेंगी मेयर। अमर उजाला ने लिखा है सुप्रीम आदेश, उषा सोलन एम सी की मेयर, पूनम बनीं रहेंगी पार्षद।

दैनिक भास्कर के अनुसार सांसद कंगना रणौत की चुनाव संबंधी याचिका पर सुनवाई तीन हफते बाद। अमर उजाला ने लिखा है सांसद कंगना रणौत को तीन हफते के भीतर जवाब दायर करने का आदेश।

नालागढ़ में नाले में बहने से बाइक सवार की मौत, निगुलसरी में आठ घंटे बंद रहा एन एच अमर उजाला की एक खबर है।

मानसून सत्र से पहले रविवार को मंत्रिमंडल बैठक पंजाब केसरी की एक खबर है।